तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

04 युवा ताकत के दम पर संगठन को नई धार भाजपा ...



04 डिवाइडर के सूखते पौधों को बचाने उतरी 'सहयोग' ...





# अक्षय तृतीया की आहट से गुलजार हुए ग्रामीण बाजार, मिट्टी के बर्तन और गुड्डा-गुड्डी की बढ़ी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के ग्रामीण अंचलों में अक्षय तृतीया (अक्ती) पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। रविवार को मनाए जाने वाले इस पारंपरिक पर्व की तैयारी में स्थानीय बाजार पूरी तरह सज चुके हैं। गांव-गांव के हाट-बाजारों में इन दिनों विशेष रौनक देखी जा रही है, जहां मिट्टी के बर्तनों और पारंपरिक गुड्डा-गुड्डी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।

छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति के अनुरूप अक्षय तृतीया पर पुतली-पुतला (गुड्डा-गुड्डी) विवाह की प्राचीन परंपरा आज भी जीवंत है। इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए कुम्हारों ने आकर्षक और सुसज्जित मिट्टी के गुड्डा-गुड्डी तैयार किए हैं, जिनकी बाजार में भारी मांग है। साथ ही पूजा सामग्री और अन्य पारंपरिक वस्तुएं भी बड़ी संख्या में बिक रही हैं।

## गर्मी और परंपरा का संगम, मिट्टी के बर्तनों से बुझाएंगे प्यास

### भीषण गर्मी से बढ़ी मटकों की मांग

बढ़ती गर्मी ने भी बाजार को नया रुख दिया है। प्राकृतिक ठंडे पानी के लिए लोग अब मिट्टी के मटके, घड़े और सुराही को प्राथमिकता दे रहे हैं। साधारण के साथ-साथ नक्काशीदार बर्तनों की भी जमकर बिक्री हो रही है।



### कुम्हारों के चेहरे खिले

बाजार में बढ़ती मांग और बिक्री से स्थानीय कुम्हारों के चेहरे खिल उठे हैं। उनकी मेहनत से तैयार पारंपरिक उत्पाद न केवल संस्कृति को सहेज रहे हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक संबल भी दे रहे हैं। गर्मी का यह सीजन कुम्हार समुदाय के लिए आय का प्रमुख अवसर बनकर सामने आया है।

## *अक्षय तृतीया पर बच्चों ने रचाई गुड़ियों की शादी, निकली बारात*



*थान खमरिया। सनातन परंपरा का पालन करते हुए नगर सहित क्षेत्रभर में अक्षय तृतीया (अक्ति) के अवसर पर बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़िया का विवाह धूमधाम से रचाया गया। इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बारात निकालकर उत्साहपूर्वक विवाह सम्पन्न कराया। भारतीय संस्कृति में अक्षय तृतीया का विशेष महत्व है और यह पर्व गांव-गांव में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाता है। नगर के विभिन्न वार्डों में विशेष रूप से पटेल, कुम्हार एवं निषाद समाज के बच्चों द्वारा यह परंपरा निभाई जाती है। आयोजन की तैयारियां लगभग एक माह पूर्व से शुरू हो जाती हैं। बच्चे घर-घर जाकर सहयोग भी एकत्र करते हैं, जिसमें नागरिक बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हैं। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, चंद्रशेखर राजपूत एवं आदर्श जोशी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। गौरी, कल्याणी, पूनम, मंजू, राखी, उमा, हेमलता, चांदनी, श्यामा, कामिनी एवं गंगोत्री सहित अन्य बच्चे आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस अवसर पर नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और बच्चों ने परंपरा को जीवंत रखते हुए हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया।*

## खबर संक्षेप

### सैनिक स्कूल में शौर्य वर्मा का चयन

**साजा।** साजा निवासी पूर्व सैनिक प्रदीप वर्मा के बड़े पुत्र शौर्य वर्मा ने बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। शौर्य वर्मा का चयन राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर के लिए हुआ है। खास बात यह है कि पूरे प्रदेश से चयनित होने वाले वे एकमात्र कैडेट हैं। जानकारी के अनुसार देशभर के पांच मिलिट्री स्कूलों में कुल 147 सीटों के लिए आयोजित परीक्षा में 6 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच शौर्य वर्मा का चयन होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात मानी जा रही है। शौर्य वर्मा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पा परमानंद वर्मा के सुपौत्र तथा नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा और पार्षद गोपाल वर्मा के भतीजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साजा नगर में हर्ष का माहौल है और लोगों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### आकाशीय बिजली गिरने से 50 वर्षीय किसान की मौत

**नांदघाट।** क्षेत्र में अचानक बदले मौसम के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है और मृतक के परिवार पर आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रोहरा, पंचायत गिधवा निवासी रज्जु वर्मा (50 वर्ष), पिता विष्णु वर्मा, शुक्रवार शाम करीब 5 बजे अपनी पत्नी, दो बेटियों और पुत्र के साथ खेत में जलाऊ लकड़ी इकट्ठा करने गए थे। इसी दौरान अचानक तेज तूफान और गर्जना के साथ मौसम बिगड़ गया और आकाशीय बिजली सीधे रज्जु वर्मा पर गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक रज्जु वर्मा आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से थे और परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। उनकी असामयिक मृत्यु से पत्नी, दो बेटियों और एक पुत्र सहित पूरे परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत गिधवा के सरपंच गजेंद्र घृतलहरे ने शोक व्यक्त करते हुए प्रशासन से मृतक परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने भी शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत राशि देने की मांग की है।

### रंजिश के चलते युवक पर हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** रंजिश के चलते युवक पर बैसबॉल बैट से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोरी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मिलन चौक कैम्प 2 निवासी करन चौहान ने रात को श्याम नगर महामाया मंदिर ठेठवार पारा, कैम्प 02 निवासी तरुण यादव, चंदन यादव ने रंजिश के चलते हमला कर फरार हो गया।

## राहत : बकाया बिल पर 75 प्रतिशत तक छूट, अधिभार भी माफ

# बिजली बिल समाधान योजना 2026 से बिजली उपभोक्ताओं को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बिजली बिल के बोझ से जूझ रहे उपभोक्ताओं के लिए राहत की किरण बनी समाधान योजना 2026 को नवागढ़ एवं अंधियारखोर क्षेत्र में जनसमर्थन मिल रहा है। योजना के तहत अब तक 2544 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराकर यह साबित कर दिया है कि लोग अब राहत पाने के इस सुनहरे अवसर को हाथ से जाने नहीं देना चाहते।

- गांव-गांव में शिविर लगाकर किया जा रहा पंजीयन
- 2544 ने कराया पंजीयन

बिजली विभाग की इस पहल ने खासतौर पर उन परिवारों को बड़ी राहत दी है, जो लंबे समय से बकाया बिल के कारण मानसिक और आर्थिक दबाव झेल रहे थे। अब उपभोक्ताओं को न सिर्फ भारी छूट मिल रही है, बल्कि आसान किस्तों में भुगतान का विकल्प भी दिया जा रहा है, जिससे वे बिना किसी तनाव के अपने बकाया का निपटारा कर सकें। बंद कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। 31 मार्च 2023 से पूर्व बंद कनेक्शन वाले बीपीएल उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक की छूट के साथ संपूर्ण अधिभार माफ किया जा रहा है। वहीं घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत तक की छूट के साथ पूरा अधिभार समाप्त किया जा रहा है।



चालू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी इस योजना में विशेष लाभ दिया जा रहा है। बीपीएल उपभोक्ताओं को बकाया अवधि के आधार पर 50 से 75 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए एकमुश्त भुगतान के साथ-साथ 3 किस्त और 6 किस्त जैसे विकल्प उपलब्ध हैं, जिनमें अधिभार पूरी तरह माफ किया जा रहा है। बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है। बिना पंजीयन किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा गांव-गांव में विशेष शिविर आयोजित कर मौके पर ही पंजीयन की सुविधा प्रदान की जा रही है।

कनिष्ठ अभियंता मोहन्दास बैरागी ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि यह योजना हर उपभोक्ता के लिए एक बड़ा अवसर है। समय रहते पंजीयन कराकर अधिकतम छूट का लाभ उठाएं और निर्बाध विद्युत सेवाओं से जुड़े रहें।

# नेशनल लोक अदालत से पहले गांव-गांव जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के तहत ग्राम नवागांव एवं बावामोहतरा में विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा श्रीमती सरोज नंद दास के मार्गदर्शन तथा सचिव श्रीमती स्वर्णलता ओम यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ।

शिविर के दौरान अधिकार मित्रों ने ग्रामीणों को नेशनल लोक अदालत के महत्व, इसकी प्रक्रिया तथा इसके माध्यम से सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के जरिए प्रीलिटिगेशन और लंबित मामलों का आपसी सहमति से निराकरण कर समय और धन दोनों की बचत की जा सकती है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही ग्रामीणों को निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल संरक्षण, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार सहित अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आगामी नेशनल लोक अदालत में शामिल होने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अधिकार मित्र तरुण आनंद, स्वाती कुंजाम, ग्राम रोजगार सचिव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की ओर से आमजन से अपील की गई है कि वे आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त करें।

# भाजयुमो कार्यकारिणी की घोषणा

**नांदघाट।** भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहु एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय वर्मा द्वारा बहुप्रतीक्षित जिला कार्यकारिणी की घोषणा किए जाने के बाद पूरे जिले में युवा नेताओं के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। विशेष रूप से नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बड़ी संख्या में युवाओं को जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। घोषित कार्यकारिणी में नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से नागेश साहु को जिला उपाध्यक्ष, युवराज घृतलहरे को जिला मंत्री, शुभम शुक्ला को मंत्री, धर्मेन्द्र गोस्वामी को मंत्री, बिसाहु साहु को कोषाध्यक्ष, मेहुल वर्मा को सह मीडिया प्रभारी, विधी ठाकुर को सह प्रशिक्षण प्रमुख, याशु श्रीवास को कार्यशक्ति संयोजिका, राम अवतार वर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी, मनीष साहु को जिला आईटी सेल प्रभारी तथा विधि सेल प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह संगठन विस्तार के तहत धनंजय सिंह राजपूत को मारो मंडल अध्यक्ष, देवदत्त मिश्रा को खंडसरा मंडल अध्यक्ष, विरेंद्र साहु को बालसमुंद मंडल अध्यक्ष तथा ओमकार साहु को नवागढ़ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्तियों के बाद युवा वर्ग में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नई टीम के गठन से संगठन में मजबूती आएगी और युवाओं की भागीदारी बढ़ेगी। मारो मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष धनंजय सिंह राजपूत ने कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल, प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहु, जिला उपाध्यक्ष अंजु बघेल एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष विजय वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की मजबूती के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे। इस दौरान मनीष जायसवाल, विवेक शुक्ला, लालन यादव, राकेश राजपूत, अंकुश परस वर्मा, मदन वर्मा, रोहित निषाद, राधेश्याम यदु, स्वतंत्र साहु, धनलाल देशलहरे, संतोष साहु, निरंजन चेलक, अजय देशलहरे सहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# महिलाओं के राजनीतिक सशक्तीकरण को लटकाने, अटकाने और भटकाने वालो का असली चेहरा उजागर: प्रज्ञा निर्वाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लोकसभा में मतदान के दौरान नारी शक्ति वंदन विधेयक के ध्वस्त हो जाने पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त किया है, उन्होंने कहा कि यह घटना न केवल महिलाओं के अधिकारों पर आघात है, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा जिस विधेयक का उद्देश्य देश की आधी आबादी को संसद और विधानसभाओं में उचित प्रतिनिधित्व देना था, उसे लोकसभा में ध्वस्त कर देना यह दर्शाता है कि विपक्ष आज भी महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ खड़ा है,यह केवल एक बिल की हार नहीं, बल्कि महिलाओं के अधिकारों को कुचलने का प्रयास है,महिला सशक्तिकरण को लटकाने भटकाने और अटकाने वालो का असली चेहरा हुआ उजागर। वहीं प्रदेश भाजपा की मंत्री संध्या परगनिहा ने कहा कि देश की लगभग 48 प्रतिशत आबादी महिलाएं हैं, लेकिन लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी लगभग 14 प्रतिशत के आसपास है,कई राज्यों की विधानसभाओं में यह आंकड़ा 10 प्रतिशत से भी कम है, ऐसे में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला यह विधेयक ऐतिहासिक महत्व रखता था। भाजपा नेत्री मनीषा शर्मा आरोप लगाया कि विपक्ष ने एक बार फिर अपनी संकीर्ण राजनीतिक सोच के कारण इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित नहीं होने दिया, यह उन लाखों-करोड़ों महिलाओं के सपनों के साथ अन्याय है, जो वर्षों से राजनीतिक भागीदारी की प्रतीक्षा कर रही है । भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष पिंकी नेमा के अनुसार यह अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन दलों ने वर्षों तक महिला सशक्तिकरण के नाम पर राजनीति की, वही आज महिलाओं को उनका अधिकार मिलने से रोकने का काम कर रहे हैं,यह उनका असली चेहरा है। पार्षद नीतू कोठारी ने कहा भाजपा महिला मोर्चा अब केवल बयान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि घर-घर जाकर महिलाओं को उनके अधिकार के लिए जागरूक करेगा और इस अन्याय के खिलाफ जनमत तैयार करेगा

## पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कांग्रेस की असली ताकत उसका कार्यकर्ता, हर बूथ पर जल्द हो गठन

# बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिला सक्रियता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा ब्लॉक के पेंड्रीतराई मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि बूथ कांग्रेस कमेटी का गठन शीघ्र किया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की राय और उनकी स्वीकार्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा इस कार्य में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाना उनका कर्तव्य है। कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने से पीछे नहीं हटते। छाबड़ा ने आगे कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस आम जनता की आशाओं का केंद्र बनकर उभर रही है, ऐसे में संगठन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने हर बूथ पर संगठन को पहले से अधिक सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही। साथ ही अनुभवी और युवा कार्यकर्ताओं को समान अवसर देने पर भी जोर दिया। बैठक को जिला कांग्रेस प्रभारी सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा (ग्रामीण) के अध्यक्ष मिथलेश वर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रभारी सुमन गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य हरीश साहू, मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू, मंडल प्रभारी बहल वर्मा, शुभम गंधर्व, दुर्गा राम साहू, उमेद भारती, डोमन सिन्हा, बीरेंद्र साहू, जगमोहन सिन्हा, पुरुषोत्तम साहू, राधेश्याम साहू, ईश्वर साहू, मूलचंद साहू, धनीराम साहू, कृष्ण कुमार पुरैना, पन्नालाल तोपशिह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बगलेडी में अवैध बोर उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तहसील साजा अंतर्गत ग्राम बगलेडी में प्रशासन ने अवैध गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति किए जा रहे बोर उत्खनन को पकड़ लिया।

सूचना मिलते ही संबंधित विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच के दौरान अवैध रूप से उत्खनन कार्य करते हुए एक वाहन को जब्त किया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा आवश्यक अनुमति लिए बिना ही बोर उत्खनन किया जा रहा था, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। प्रशासन ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए वाहन को कब्जे में लेकर थाना साजा को सुपुर्द कर दिया। प्रशासन ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि अवैध उत्खनन जैसी गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने आसपास हो रही किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।



# श्रमिक हित में बीएमएस ने मांगा न्यूनतम वेतन और ईएसआईसी की सुविधा

## भारतीय मजदूर संघ का शक्ति प्रदर्शन, रसमड़ा में कार्यालय का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरा

समीपस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में भारतीय मजदूर संघ कार्यालय का उद्घाटन दुर्ग जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के मुख्यआतिथ्य में किया गया। जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ मिथलेश विश्वकर्मा ने अध्यक्षता की। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ भाजपा तेखन सिंह सिन्हा, अध्यक्ष नगर निगम भिलाई शशिभूषण मोहंती, जिलाउपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष खदान मजदूर संघ नंदिनी अशोक शर्मा और जिला महामंत्री निर्वाणी मजदूर संघ देवेन्द्र चंद्राकर उपस्थित थे।

इस दौरान श्रमिक प्रतिनिधियो एवं श्रमिको के सुझाव पर कंपनी प्रबंधन एवं शासन-प्रशासन को अवगत कराने प्रमुख मांगो को शामिल किया गया। इनमें मांग की गई कि सभी वृहत, मध्यम एवं लघु उद्योगो में न्यूनतम वेतन लागू हो। अकुशल से अर्द्धकुशल, कुशल एवं अति कुशल की श्रेणी में पदोन्नोनति एवं वेतन वृद्धि किया जाये। भविष्य निधि (पीएफ) एवं स्वास्थ्य सुविधा (ईएसआईसी) सभी श्रमिको पर लागू हो। कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं सुरक्षा उपकरण प्रदान की जाए। ओवर टाइम पर डबल वेतन दिया जाए। वैतनिक साप्ताहिक अवकाश दिया जाये। 20 लाख की दुर्घटना बीमा कराया जाये। ईएसआईसी हास्पिटल चौबीस घंटे चालू हो। महिला श्रमिको के लिए अलग से शौचालय एवं रेस्ट रूम की व्यवस्था हो। श्रमिकों को लीवबुक प्रदान की जाए जिसमें ई.एल. सी.एल. एवं अन्य आवश्यक जानकारियाँ दर्ज हो। उद्योग क्षेत्र में आने-जाने वाले सभी ट्रक ड्राईवरो एवं हेल्परो के लिये रैनबसेरा कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। औद्योगिक क्षेत्र को प्रदूषणमुक्त व स्वच्छ बनाया जाए एवं भविष्यनिधि का कार्यालय दुर्ग जिले में भी खोला जाये।




### जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ मिले सभी श्रमिकों को

जिलामंत्री भारतीय मजदुर संघ श्री हरिशंकर तिवारी ने आव्हान किया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं श्रम कल्याण मंडल के सभी संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ सभी को मिले इसके लिये कार्यालय में संपर्क साधे साथ ही साथ ज्याद से ज्यादा श्रमिकजन भारतीय मजदुर संघ से जुड़ें। जिससे उनकी समस्याओ को प्राथमिकी तौर पर निराकरण के लिये पहल की जा सके। सभा को संबोधित करते हुये जिला भाजपाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने युनियन नेताओ से अपील की कि शासन के द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ आवश्यक रुप से सभी कार्यरत श्रमिको को मिले, इसके लिये कंपनी प्रबंधनो एवं श्रमिको के बीच आपसी सम्नवय मार्ग प्रशस्त करते हुए शासन की योजनाओ का लाभ दिलाये। कार्यक्रम मे प्रमुख रुप से पूर्वसरपंच रामखिलावन यादव, श्रमिक प्रतिनिधि एवं कार्यालय प्रभारी प्रमिला देवागंन, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष पुष्पा सिंह, रुपेश कुमार यादव, भगवानी राम साहू, त्रिभूवन वैष्णव, राजकुमार शर्मा, तुलसी यादव, चमन यादव, देवप्रसाद साहू, रामु निर्मलकर, कुमार लहरे धनसाय यादव, राजेश देशमुख निर्मलकर, छोटु यादव शिव निर्मलकर, रामनारायण निषाद, सुनील निर्मलकर उत्तम वैष्णव और राजू निर्मलकर आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### भक्ति वर्मा ने किया नगर का नाम रोशन

**धमधा।** नगर के राइस एंड शाइन विद्यालय में अध्यनरत भक्ति वर्मा ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया है। भक्ति वर्मा संध्या लीलाधर वर्मा की सुपुत्री एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक खोम लाल वर्मा की सुपौत्री हैं। भक्ति वर्मा के अच्छे अंक प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित करने पर शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मेधावी बच्चों को ईडी ने किया सम्मानित

**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने को इस्पात भवन में सीबीएसई कक्षा दसवीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने मेधावी छात्र अथर्व वार्ष्णेय एवं नलिनी दडसेना को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी गण एबी श्रीनिवास, जेएन ठाकुर, अमूल्य प्रियदर्शी, संजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक शिखा दुबे, सौमिक डे तथा प्राचार्य (सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10) सुमिता सरकार सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। डीपीएस दुर्ग के छात्र अथर्व वार्ष्णेय जो महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय के पुत्र हैं। उन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल-10 की छात्रा नलिनी दडसेना ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। । नलिनी दडसेना सयंत्र कर्मचारी इंजीनियरिंग एसोसिएट गिरीश कुमार दडसेना की पुत्री हैं।

### षड्यंत्र के खिलाफ एकजुट हुआ साहू समाज

**पाटन।** तहसील साहू संघ, पाटन (जिला दुर्ग) ने अपने पदाधिकारी महेंद्र साहू के विरुद्ध साजिश का आरोप लगाते हुए कड़ा रुख अपनाया है। संघ ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि कुछ "पराजित मानसिकता" से ग्रसित लोग सुनियोजित तरीके से दुष्प्रचार फैलाकर उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे समाज किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। तहसील साहू संघ, पाटन लालेश्वर साहू अध्यक्ष, डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, विमला साहू–उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र साहू–संगठन सचिव और भुनेश्वरी साहू– संगठन सचिव ने कहा कि आगामी 25 एवं 26 अप्रैल को आयोजित तहसील स्तरीय माता कर्मा जयंती एवं सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम के बाद भी यदि इस तरह की गतिविधियां जारी रहीं, तो समाज लोकतांत्रिक और संगठित तरीके से जवाब देने को बाध्य होगा।

## टीम ने भिलाई में 109 व अहिवारा में 40 घरों में किया भ्रमण

# भिलाई व अहिवारा में स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिले पीलिया के नये मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भिलाई के 109 व अहिवारा में 40 घरों का शुक्रवार को भ्रमण किया। टीम को पीलिया का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। उक्त संक्रमित क्षेत्र में पूर्व के कुल 37 पीलिया के मरीज हैं।

वार्ड-67 सेक्टर 7 पश्चिम सड़क 37 ए भिलाई नगर में पीलिया के मरीजों की जानकारी होने पर 17 अप्रैल को डॉ. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज दानी, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे जिला सर्वेलेंस अधिकारी के मार्गदर्शन में विजय सेजुले, सुपरवाइजर, हितेन्द्र कोसरे, बीईटीओ एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दानी ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 109 घरों का भ्रमण किया। टीम को कोई भी पीलिया से ग्रसित नए मरीज़ नही मिले। उक्त संक्रमित क्षेत्र में पूर्व के कुल 37 पीलिया के मरीज है। जिनमें से 2 पुराने मरीज श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंस, भिलाई में उपचाररत है। 1 पुराना जिला चिकित्सालय का मरीज़ डिस्चार्ज हुए। प्रभावित क्षेत्र में नगर निगम भिलाई की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा लक्षणयुक्त मरीजों की सीबीसी/एलटीएफ/आरटीएफ/विडाल व अन्य आवश्यक जांच की जा रही है, वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।



### धमधा में नहीं मिले नये मरीज

विकासखण्ड धमधा अंतर्गत 16 अप्रैल को वार्ड नं-05,06,07 अहिवारा में पीलिया की मरीजों की जानकारी होने पर आज डॉ.सी.बी.एस.बंजारे जिला सर्वेलेंस अधिकारी, रितिका सोनवानी जिला महामारी विशेषज्ञ , खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना अग्रवाल एवं विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक रिचा मेश्राम, गोविंद सिंह उद्दे बी.ई.टी.ओ. एवं बलराम वर्मा सुपरवाइजर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिनों के साथ 40 घरों का भ्रमण किया गया जिसमें कोई भी नये पीलिया से ग्रसित मरीज नहीं मिले। आज तक कुल 12 पीलिया के मरीज हैं। 6 मरीज विभिन्न अस्पतालों में भर्ती किये गए। कुल 3 मरीज उपचार ले रहे है। वर्तमान में जिनकी स्थिति सामान्य है। नगर पालिका अहिवारा द्वारा पाईप लाईन की मरम्मत की जा रही है व जांच की जा रही है। वर्तमान में स्थिति पूर्णता नियंत्रण में है।

### इन लक्षणों के होने पर तत्काल इलाज कराएं: डाक्टर

सीएमएचओ ने कहा है कि पीलिया प्रदूषित जल व भोजन से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो विषाणुओं के संक्रमण से होता है। विषाणुओं के शरीर में प्रवेश करने के 15 से 50 दिनों के भीतर बीमारी के लक्षण प्रगट होते है। पीलिया के प्रमुख लक्षण भूख न लगना, पीले रंग की पेशाब होना, भोजन का स्वाद न आना, उल्टी लगना या होना, सिर में दर्द होना एवं कमजोरी तथा थकावट का अनुभव करना, पेट के दाहिने तरफ उपर की ओर दर्द होना, आंखे व त्वचा का रंग पीला होना है।

# गंभीर मुद्दों पर भी प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान : शहर कांग्रेस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई नगर

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने शासन प्रशासन में बैठे जनप्रतिनिधि- अधिकारियों पर गैर जिम्मेदार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सब कुछ जानते हुए भी यह जनप्रतिनिधि और अधिकारी आंखें मूंदे बैठे रहते हैं और समय पर कोई भी काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि हाल ही में कई ऐसे मुद्दे लोगों के सामने आए जिनसे आमजन प्रभावित होता है। लेकिन इन मुद्दों की ओर देखने का समय भी प्रशासनिक अधिकारियों के पास नहीं है।



- डेढ़ वर्ष बाद भी पार्षद रहित वार्डों में चुनाव नहीं : चंद्राकर

भिलाई नगर निगम के 1 वार्ड और रिसाली नगर निगम 02वार्ड में पिछले डेढ़ वर्षो से खाली पड़े वार्डो का जिक्र करते हुए श्री चंद्राकर ने बताया कि कांग्रेस की ओर से कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान इस और दिलाया गया, लेकिन कोई पहल नहीं हुई। ऐसी जानकारी मिली है कि अब इन रिक्त पड़े वार्डों में चुनाव की तैयारी की जा रही है जबकि दोनों नगर निगमों के स्थानीय सरकार के कार्यकाल खत्म होने में अब सिर्फ 7 माह बचे हैं। संभावना है कि नवंबर माह में दोनों निगमों में चुनाव संपन्न किए जाएं। पार्षदरहित इन वार्डो के लोग पिछले डेढ़ वर्ष से परेशान हैं क्योंकि इन वार्डो में कोई काम नहीं हो रहा, नहीं कोई जवाबदेही लेने को तैयार है। क्या निर्वाचन आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती ? यहां के कलेक्टर को क्या विधान की जानकारी नहीं है ? फिर यहां डेढ़ वर्ष तक चुनाव क्यों नहीं हुए ?

### घटिया साड़ी वितरण से पहले जांच क्यों नहीं ?

श्री चंद्राकर ने कहा कि हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को घटिया गुणवत्ता वाली साड़ी का वितरण किया गया। वितरण से पहले जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इसकी जांच क्यों नहीं ? अब जब मामला सामने आया है तो वह अपना पल्ला झाड़ कर किसी और को बलि का बकरा बना रहे हैं। निजी स्कूलों में काफी किताब बेचने और स्वामी आत्मानंद स्कूलों में 1500 रू शुल्क लिए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि यह सारी जानकारी यहां के जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को है। इसके बावजूद पूरा शासन प्रशासन सोया हुआ है और इनकी इस लापरवाही का नतीजा आम आदमी भुगत रहा है।

### कानून व्यवस्था कमजोर हुई

श्री चंद्राकर का कहना है कि कानून व्यवस्था भी कमजोर हुई है। अपराधों में तेजी आई है, चोरी हत्या लूट के मामले बढ़े हैं। घटना होने के बाद पुलिस को इसकी जानकारी होती है। पुलिस का मुखबिर तंत्र पूरी तरह फेल हो चुका है इनके मुखबिर कहां गए पता नहीं, क्योंकि अपराध होने के बाद ही पुलिस जागती है। वहीं दूसरी और पुलिस हर चौक चौराहों पर चालान के नाम पर वसूली करते दिखती है।


### गांजा- शराब आराम से पहुंच रहे ठिकाने पर

प्रदेश में हो रही अफीम की खेती का मामला उठाते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि दो-चार आरोपी बनाकर इस गंभीर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इस खेती के पीछे आखिर कौन लोग थे ?अभी तक किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई है। आखिर शासन प्रशासन में बैठे जनप्रतिनिधि और अधिकारी इन मुद्दों पर एक्शन क्यों नहीं लेते ? दुर्ग जिले में भारी मात्रा में खपने वाली शराब और गांजा का जिक्र करते हुए कहा कि आखिर इतनी मात्रा में गांजा, शराब पहुंच कैसे जाती है। अधिकारियों की नजर में यह क्यों नहीं आता। जब यह गांजा और शराब अपने ठिकाने पर पहुंच जाते हैं तो पुलिस छापा मारती है और वाहवाही लूटती है।

# लकड़ी से लदा वाहन घर में घुसा पेड़ों की अवैध कटाई पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत दारगांव में एक बड़ा हादसा सामने आया है। यहां लकड़ी से लदी एक गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर एक ग्रामीण के घर में जा घुसी। घटना में घर को काफी नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिस घर में गाड़ी घुसी वह बहल राम साहू का बताया जा रहा है। हादसे के बाद गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।



### अवैध लकड़ी कटाई का मामला फिर गरमाया

इस घटना के बाद क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन का मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दारगांव मार्ग के जरिए लंबे समय से अवैध लकड़ी की ढुलाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मुख्य सड़कों पर पुलिस की सख्ती के कारण तस्कर अब अंदरूनी और ग्रामीण रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे ऐसे हादसों की संभावना बढ़ गई है।

### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसी कारण अवैध कटाई और परिवहन पर रोक नहीं लग पा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध लकड़ी कटाई और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।



# बाबा साहेब की जयंती पर वृद्धा आश्रम में किया सेवा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पुलगांव स्थित वृद्धा आश्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ढालेश साहू के नेतृत्व में सेवा कार्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई, जिसके पश्चात आश्रम में निवासरत बुजुर्गों को टोस्ट, बिस्कुट, जूस एवं फल का वितरण किया गया।

- बुजुर्गों व श्रमिकों का सम्मान, फल, बिस्कुट व जूस का वितरण

इस अवसर पर श्रमिक साथियों का भी सम्मान किया गया तथा उन्हें बिस्कुट एवं केला वितरित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता और सेवा भावना का विशेष माहौल देखने को मिला।

उपस्थित प्रमुख जनों में सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि ढालेश साहू, ग्रामीण साहू समाज रिसामा के अध्यक्ष गीतेश्वर साहू, किसान नेता बालाराम, दुर्ग जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश साहू, सचिव दिनेश राजपूत, कोषाध्यक्ष दयाराम साहू, सदस्य श्रीमती राजेश्वरी साहू, संरक्षण सनद देवांगन, सदस्य अलीराम साहू, सुशील साहू, अशोक कुमार, साथ ही जिला अध्यक्ष क्रांति सेना ऋषि साहू एवं युवा समाज सेवी सुमंत साहू भी शामिल रहे।

इस अवसर पर ढालेश साहू ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता एवं सेवा के संदेश को आत्मसात करते हुए समाज के बुजुर्गों एवं श्रमिक वर्ग के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग को ले भागा आरोपी पकड़ा गया

**राजनांदगांव।** एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना गैंदाटोला के धारा 137(2) बीएनएस के प्रकरण में अज्ञात आरोपी द्वारा 12 मार्च को एक नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर बालिका एवं आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार ऑपरेशन मुस्कान के तहत विवेचना के दौरान बालिका के बिरकोनी जलि महासमुंद में होने की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल पुलिस टीम रवाना की गई। पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को आरोपी राजकुमार वर्मा 21 वर्ष के कब्जे से बिरकोनी जलि महासमुंद से बरामद किया गया। आरोपी द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाकर शारीरिक शोषण किया जा रहा था।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक-कोबिया, तहसील-बेमेतरा**

**सीमांकन के संबंध में सूचना**

दिनांक 14.04.2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विरेन्द्र कुमार चंद्रवंशी पि घनश्याम निवासी कोबिया द्वारा ग्राम कोबिया प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. कोबिया तहसील बेमेतरा जिला बेमेतरा का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा के प्र. क्र. / 1218/प्र.1/तह. 2026 बेमेतरा के परिपालन में दिनांक 30/04/2026 को समय 11.00 बजे पश्चात ख.नं. 2073/50 रकबा 0.032 हे. का सीमांकन किया जाना है उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक प.ह.न. 27 कोबिया के कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं हो सकेगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**कोबिया तहसील व**
**जिला-बेमेतरा**


# मरम्मत के बाद खुला खारून ब्रिज, डेढ़ लाख वाहनों का होता है हर दिन आना-जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रायपुर और दुर्ग के बीच स्थित कुम्हारी क्षेत्र में खारुन नदी पर बने पुल की मरम्मत का कार्य समय से पहले 16 दिनों में पूरा हो गया है। प्रशासन ने कार्य के लिए 30 दिन का समय मांगा था। लेकिन बेहतर समन्वय और तेज गति से इसे आधे समय में ही पूरा कर लिया। शुक्रवार को दोनों पुलों को आम नागरिकों और वाहनों के लिए सुरक्षित रूप से खोल दिया गया। लंबे समय से प्रभावित ट्रैफिक व्यवस्था एक बार फिर सुचारु हो गई है। खारुन नदी पर बने इन पुलों से प्रतिदिन 1.50 लाख वाहनों का आना जाना लगा रहता है। मरम्मत कार्य के दौरान मार्ग पर आंशिक प्रतिबंध के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। लंबा जाम भी लगा रहता था, पुल के दोबारा खुलने से रायपुर और दुर्ग के बीच आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों, कामकाजी आदि को बड़ी राहत मिली है। मरम्मत कार्य की सफलता में पुलिस और प्रशासन का बेहतर समन्वय महत्वपूर्ण रहा। दुर्ग और रायपुर पुलिस ने मिलकर ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला। दोनों जिलों के 70 से 80 ट्रैफिक जवान, अधिकारी प्रतिदिन सुबह-शाम पुल,संबंधित प्रमुख मार्गों पर तैनात रहते थे। इन जवानों ने वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्ट कर जाम की स्थिति को नियंत्रित रखा। एसएसपी विजय अग्रवाल ने स्वयं हर दूसरे-तीसरे दिन मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस सतत निगरानी के कारण ही मरम्मत कार्य बिना किसी बड़े व्यवधान के समय से पहले पूरा हो सका। टाटीबंध चौक, रायपुरा ब्रिज, सिलतरा बायपास जैसे स्थानों पर भी पुलिस बल तैनात रहा।






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जुआ-सट्टा के खिलाफ कार्रवाई, गिरफ्तार



**भिलाई।** जुआ सट्टा के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई करते हुए दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम तुमाकला जरहा तुमा के बीच डबरी पार में जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिली। टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दो को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम ग्राम तुमाकला धमधा दुर्ग निवासी अब्दुल जब्बार, जालबांधा त्रिलोक जैन बताया गया है। इनके पास से पुलिस ने नगदी रकम 4,300 रुपये, मोबाइल जब्त किया है। कार्रवाई में धमधा प्रभारी रामनारायण ध्रुव समेत उनकी टचीम का योगदान रहा है।

### पुलिस कर्मी के बेटे पर चाकू से हमला



**भिलाई।** पुलिस कर्मी के बेटे पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि घायल युवक का नाम टिकेश्वर यादव 25 वर्ष है। अज्ञात आरोपियों ने टिकेश्वर को फोन कर मैदान में बुलाया था। जैसे ही टिकेश्वर मैदान पहुंचा हमलावरों ने उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले में युवक के पेट, सिर और छाती में गंभीर चोटें आई हैं। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल टिकेश्वर के पिता भोलानाथ साहू सीएफ बटालियन में पदस्थ हैं। खबर लगते ही मौके पर थाना प्रभारी नवीन राजपूत, मोहन नगर पुलिस टीम और सीएसपी दुर्ग अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी घटना को लेकर पूछताछ किया। मामले को लेकर पुलिस ने कुछ हमलावरों को पकड़ लिया है। हमला करने वालो की टिकेश्वर की क्या रंजिश थी और क्यों हमला किया। इसे लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**गठन : युवाओं को जिम्मेदारी, मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति से बूथ स्तर तक मजबूती का लक्ष्य**

# युवा ताकत के दम पर संगठन को नई धार
# भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी के जिला युवा मोर्चा ने संगठन को नई ऊर्जा और धार देने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए जिला बेमेतरा की नई कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस गठन में बड़ी संख्या में युवाओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि संगठन आगामी राजनीतिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए युवा नेतृत्व को केंद्र में रखकर अपनी रणनीति को मजबूत कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन तथा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया के निर्देशानुसार घोषित इस नई कार्यकारिणी को संगठन विस्तार और जमीनी स्तर पर पकड़ मजबूत करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो यह कदम बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में निर्णायक साबित हो सकता है।

जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, सह-कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी, प्रशिक्षण प्रमुख, खेल एवं कला प्रमुख, प्रचार-प्रसार प्रमुख, कन्या शक्ति संयोजिका, सोशल मीडिया प्रभारी, विधि सेल, आईटी सेल एवं नीति अनुसंधान जैसे विभिन्न पदों पर युवाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इससे संगठन के हर आयाम—संगठनात्मक, सामाजिक, डिजिटल और वैचारिक—को समान रूप से मजबूत करने की रणनीति साफ नजर आती है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में अभिनव ठाकुर, भावन लोढ़ी, गोविंद तिवारी, हेमंत राजपूत, सुभाष चंद्राकर साहू, गणेश साहू, प्रवीण वर्मा, गौरव यादव, आयुष शर्मा, युवराज धृतलहरे, शिवबली सिन्हा, अजय साहू, नीलांबर साहू, शुभम शुक्ला, इंद्रेश वर्मा, पवन साहू, धर्मेंद्र गोस्वामी, हर्षवर्धन साहू, आकाश रोहरा, दुर्गेश वर्मा, सुमन देवांगन, सुमन राठी, अभिषेक राजपूत, बिसाहू साहू, मनोज वैष्णव,



महेंद्र वर्मा, नारद यादव, पवन निर्मलकर, शिवेंद्र साहू, भानु साहू, दुर्गेश यादव, हितेश साहू, निखिल ताम्रकार, निधि ठाकुर, प्रीति यादव, यशु श्रीवास्तव, हितेन्द्र साहू, अमित यादव, मनीष साहू, रघवेन्द्र सिंह, गौरव डागा, प्रमोद शर्मा, नारायण साहू, रामअवतार वर्मा, यश सिंह, आशीष वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसी क्रम में मंडल स्तर पर भी संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। बेमेतरा ग्रामीण से रवि वर्मा (पप्पू), बेमेतरा शहर से हेतुल सिंह, भिंभोरी से दिनेश कुमार यदु, बेरला से युगल पाटिल, सरदा से किसान साहू, देवकरबीजा से सुखेन्द्र यादव, नवागढ़ से ओमकार साहू, मारो से धनंजय राजपूत, खंडसरा से देवव्रत मिश्रा, बालसमुंद से विरेंद्र साहू, परपोड़ी से नीलू साहू एवं थानखमरिया से सोनू शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी ने ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में संगठन की पकड़ को संतुलित और मजबूत करने का प्रयास किया है।

**नेताओं ने कहा,युवा नेतृत्व पर भरोसा, संगठन विस्तार पर जोर**

युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिया ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि युवा ही संगठन की असली ताकत हैं और उनके उत्साह, ऊर्जा व समर्पण के दम पर संगठन नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जिला अध्यक्ष भाजपा अजय साहू ने कहा कि संगठन ने जिन कार्यकर्ताओं पर विश्वास जताया है, वे उस पर खरे उतरेंगे और पार्टी के सिद्धांतों व योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल ने नवदायित्व प्राप्त युवाओं को शुभकामनाएँ देते हुए समाजहित और जनकल्याण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रनीश रजक ने कहा कि कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता ही संगठन को नई दिशा देगी। जिला महामंत्री राजेश ठाकुर एवं पोषण वर्मा ने संयुक्त रूप से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी ने कहा कि युवा मोर्चा सदैव राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा में अग्रणी रहा है और सभी पदाधिकारी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## बीएसपी में कैंटीनों का ठेका समाप्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की कैंटीनों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बेखयाली सैकड़ों कर्मचारियों पर भारी पड़ सकती है। चाय नाश्ते और खाने के लिए संयंत्र की कैंटीनों पर निर्भर रहने वाले बीएसपी कर्मचारियों और मजदूरों को रविवार से ब्रेकफास्ट के लिए भटकना पड़ सकता है। आउटसोर्स पर संचालित होने वाली 4 दर्जन कैंटीनों की ठेका अवधि शुक्रवार को समाप्त होने के बाद गतिरोध की स्थिति निर्मित होने से सभी में तालाबंदी या अवैध संचालन की स्थिति पैदा हो गई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेक्टर नौ हास्पिटल में कर्मचारियों के नाश्ते की सुविधा के लिए प्रबंधन द्वारा कैंटीनों का संचालन किया जाता है । कुल 45 कैंटीनों को संचालन के लिए ठेके पर दिया गया है। संयंत्र के अंदर 42 कैंटीन और सेक्टर नौ हास्पिटल तथा नगर सेवाएं विभाग कार्यालय सहित 45 कैंटीनों का संचालन किया जा रहा है। यूनियन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक संयंत्र के अंदर कैंटीनों को तीन वर्ष की अवधि तक संचालन के लिए वर्ष 2023 में दिया गया था। 42 कैंटीनों को चार ठेका एजेंसियों को अलग अलग दिया गया था। सभी कैंटीनों का ठेका शुक्रवार को समाप्त हो गया है।

**एक साल का एक्सटेंशन भी नहीं मिला**

कैंटीन सेल विभाग द्वारा न तो ठेके को रिनुअल किया गया है और न ही इन्हें कंटीन्यू ही किया गया है। बताते हैं कि कुछ कैंटीनों को एक साल का एक्सटेंशन दिए जाने की चर्चा चल रही थी लेकिन आज तक न तो ठेका अवधि बढ़ाई गई है और न ही कैंटीन संचालकों को आगे कैंटीन का संचालन करने के लिए कोई दस्तावेजी प्रक्रिया या मौखिक आश्वासन ही दिया गया है। इससे संयंत्र के अंदर 42 कैंटीनों के कल से संचालन को लेकर उहापोह या गतिरोध के हालात निर्मित हो गये हैं। कर्मियों में इस बात को लेकर चिंता बनी हुई है कि क्या उन्हें संयंत्र के अंदर चाय नाश्ते के लिए भटकना पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर कैंटीन के ठेकेदारों को भी इस बात कि चिंता है कि यदि वे ठेका समाप्त होने के बाद कैंटीनों को खुला रखते हैं तो प्रबंधन अवैध संचालन बताकर कार्रवाई कर सकता है।

## डिवाइडर के सूखते पौधों को बचाने उतरी ‘सहयोग’ संस्था, प्रशासन के साथ शुरू हुआ पौधा बचाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




■ लापरवाही, कचरा और पानी की कमी से मर रहे थे पौधे; अब समाज और पालिका मिलकर संभालेंगे जिम्मेदारी

जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए पिछले दो दशकों से कार्यरत शहर की बहुआयामी संस्था “सहयोग” ने नगर के प्रमुख मार्गों पर लगे डिवाइडर पौधों को बचाने का जिम्मा उठाया है। घड़ी चौक से रतन छविगृह, प्रताप चौक, गुरुनानक भवन होते हुए माहेश्वरी भवन तक लगे पौधे प्रशासनिक उदासीनता और अव्यवस्थाओं के कारण सूखकर नष्ट होने की कगार पर पहुंच गए थे। डिवाइडरों की जिम्मेदारी को लेकर लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका के बीच स्पष्टता नहीं होने से नियमित सिंचाई नहीं हो पा रही थी, जिससे पौधे धीरे-धीरे ठूंठ में तब्दील होने लगे। इसके अलावा व्यापारियों द्वारा डिवाइडरों में कचरा, मलबा और होटलों की गर्म राख फेंकने से पौधों को गंभीर नुकसान पहुंच रहा था।

स्थिति को और बिगाड़ने में एक कारण यह भी रहा कि सफाई के दौरान निकाला गया सड़क का मलबा भी डिवाइडरों में डाल दिया जाता था। इससे मिट्टी की ऊपरी परत मोटी हो गई, जिसके कारण पानी देने पर वह सीधे बह जाता था और पौधों की जड़ों तक नमी नहीं पहुंच पाती थी।

इन सभी समस्याओं को देखते हुए सहयोग संस्था ने पहल करते हुए “पौधा बचाओ अभियान” की शुरुआत की। संस्था के सदस्यों ने सुबह से ही डिवाइडरों में जमा अतिरिक्त मिट्टी, कचरा और मलबा हटाने का कार्य शुरू किया। संस्था के आग्रह पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने तत्परता दिखाते हुए अपनी टीम के साथ मलबा उठवाया और पौधों में पानी की व्यवस्था करवाई।

इस अभियान में स्वयं अध्यक्ष विजय सिन्हा भी शामिल हुए और उन्होंने डिवाइडरों के संरक्षण के लिए सख्त रुख अपनाने की बात कही। उन्होंने चेतावनी दी कि डिवाइडरों का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी और जिस दुकानदार के सामने कचरा या मलबा पाया जाएगा, उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं सहयोग संस्था ने शहरवासियों से अपील की है कि वे डिवाइडरों को कचरा डालने का स्थान न बनाएं, बल्कि वहां पौधों को पानी देकर इस भीषण गर्मी में उन्हें जीवित रखने में सहयोग करें।

संस्था ने अंत में सभी नागरिकों से जल, जंगल और जमीन के संरक्षण तथा स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

## सेक्टर 2 में सार्वजनिक बोरिंग पर कब्जा, पानी के लिए भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ नगर निगम कमिश्नर से कब्जामुक्त कराने की मांग

भीषण गर्मी में सेक्टर 2 के मार्केट से लगे रिहायशी क्षेत्र के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या नगर निगम के एक सार्वजनिक बोरिंग पर कब्जा करने से उत्पन्न हुई है। रहवासियों ने नगर निगम के कमिश्नर से सरकारी बोरिंग को कब्जामुक्त करवाकर फिर से आम लोगों के लिए खोलवाने की मांग की है।

प्रभावित क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर में सड़क 23 में क्वार्टर 7 और 8 के बीच दस साल पूर्व रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा एक बोरिंग का खनन किया गया था। इसका उपयोग आसपास व मार्केट के लोग भी निस्तारी के साथ पेयजल के लिए भी कर रहे थे। यह हैंडपंप तत्कालीन पार्षद द्वारा पार्षद निधि से लगवाया गया था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से इस बोरिंग को दो रहवासियों ने कब्जा कर अपने निवास के दायर में ले लिया है। इसमें मोटरपंप लगाकर बोरिंग के पानी का सिर्फ निजी उपयोग किया जा रहा है। इससे इस सड़क व आसपास के अन्य रहवासियों भीषण गर्मी में पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है।

## लंबे समय से चल रहा था जुआ, पुलिस ने दी दबिश, नगदी 1.14 लाख जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लंबे समय से चल रहे जुआ के अड्डे में पुलिस ने दबिश देकर 15 जुआरियों को पकड़ा गया है। जुआरियों के पास से लाखों के सामान भी पुलिस ने जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के सामने कोसनाला के पास दबिश दी गई। जहां पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेला जा रहा था। घेराबंदी कर मल्हा पारा सुपेला निवासी विक्की साहनी, सेक्टर 7 विनय, आदर्श नगर दुर्ग हिमांचल दास, गया नगर शैलेन्द्र यादव, रूआबांधा भिलाई हेमलाल ढीमर, कोसा नगर सुपेला सतीश गुर्दे,अहिवारा विज्जू जैन,बजरंग नगर रायपुर किशन साहू,राम नगर सुपेला सोनू कुमार साव, खोरपा अभनपुर जशवंत साहू, बेदरी थाना राखी लक्की साहू,शंकर नगर दुर्ग जुलेश लाल,सुपेला हीरा सिंह, कैम्प 2 छावनी मोह. अरशद अंसारी, कांट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला दिनेश साव को गिरफ्तार किया गया है।

**पुलिस की जानकारी में चल रहा था जुआ**

यह जुआ काफी लंबे से चल रहा था। इसे जो व्यक्ति संचालित करा रहा था पुलिस में अच्छी पकड़ के चलते उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस फड़ की जानकारी सुपेला थाना और क्राइम ब्रांच के कुछ लोगों को भी थी। एएसएसपी विजय अग्रवाल का कहना है इसका पता लगाने मामले की जांच की जा रही है।

## कैरम सेंटर में विवाद के बाद हत्या का प्रयास, युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कैरम सेंटर में सिगरेट मांगने को लेकर विवाद के बाद आरोपी ने धारदार हथियार से हत्या का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। भिलाई निवासी मो. वसी बड़ी मस्जिद अहमद नगर कैम्प 2 के अयाज अहमद सिद्धकी के कैरम सेंटर में 7 अप्रैल को बैठा था। इस दौरान आरोपी इमामबाड़ा कसाई मोहल्ला निवासी शेख इमरान सिगरेट मांगने की बात पर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी शेख इमरान अपने साथियों के साथ मिलकर गाली-गलौज कर पीड़ित को का गला दबाया और धारदार वस्तु से हमला कर चोट पहुंचाई।

## आत्मानंद स्कूलों में फीस का विरोध तेज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर-6 स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रस्तावित 1500 रुपए फीस को लेकर राजनीतिक विरोध शुरू हो गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी-4 के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने प्रतिनिधिमंडल के साथ स्कूल पहुंचकर प्राचार्य श्रीमती दलजीत से मुलाकात की और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कांग्रेस नेताओं ने स्कूल की स्थिति का जायजा लिया और विभिन्न समस्याओं से अवगत हुए। सौरभ दत्ता ने बताया कि इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र गरीब और मजदूर परिवारों से आते हैं। ऐसे में 1500 रुपए की फीस लेना उनके अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने जैसा है। सौरभ दत्ता ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय आत्मानंद स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दी जाती थी और शिक्षा को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह मॉडल तैयार किया गया था। स्कूलों में लैब, लाइब्रेरी सहित अन्य सुविधाएं विकसित की गई थीं और बड़ी संख्या में शिक्षकों की भर्ती भी हुई थी। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।




### दो साल बाद कम हो जाएगी भिलाई से रायपुर की दूरी

**भिलाई।** चौथी लाइन बिछाने के लिए स्थल समतलीकरण व रेल पांच गिराने का काम शुरुपरियोजना के पूर्ण हो जाने से 140 किमी गति से दौड़ेंगी ट्रेनें, सुगम होगा ट्रैफिकक्या आप भिलाई और रायपुर के बीच रोज ड्यूटी या कालेज आने जाने के लिए रेल मार्ग से सफर करते हैं? सफर के दौरान कहीं माल गाड़ियों या सुपर फास्ट ट्रेनों की पासिंग के लिए आपको बोरिंग भरा इंतजार तो नहीं करना पड़ता है।




## प्रोफेशनल अनुशासित जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें : आईजी शांडिल्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रक्षित केंद्र दुर्ग में आईजी अभिषेक शांडिल्य ने दुर्ग पुलिस का वार्षिक निरीक्षण पर निकले। निरीक्षण के दौरान वार्षिक निरीक्षण परेड आयोजित की गई। जिसमें आईजी द्वारा सलामी ली गई, पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के टर्नआउट, स्वास्थ्य का परीक्षण किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया गया। वाहन शाखा का निरीक्षण कर एमटी परेड लिया गया। वाहनों की स्थिति, रखरखाव, उपयोगिता का परीक्षण किया गया। परेड के दौरान पहली बार ड्रोन यूनिट का प्रदर्शन किया। जिसमें जिले में उपलब्ध दो ड्रोन यूनिट की कार्यप्रणाली का अवलोकन भी किया है। रक्षित केंद्र एवं पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर अभिलेखों व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान पुलिस दरबार आयोजित कर अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं की सुनवाई की गई। निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी सुखनंदन राठौड़, ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा, एएसपी ग्रामीण मणिशंकर चंद्रा समेत अन्य राजपत्रित अधिकारी और जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद थे।



**फिटनेस को बनाए रखने किया प्रेरित**

आईजी ने कहा कि सभी अधिकारी, कर्मचारियों को प्रोफेशनल, अनुशासित,जिम्मेदारी तरीके से ड्यूटी का निर्वहन करने अपने सेहत, स्वास्थ्य, फिटनेस को बनाए रखने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया। एसएसपी विजय अग्रवाल ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को टीम वर्क, समन्वय,कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने जनता के प्रति संवेदनशीलता बनाने निर्देशित किया।

